(i) Printed Pages : 7]        Roll No. ..................................

(ii) Questions : 8]

**Sub. Code : 0 0 0 7**

**Exam. Code : 0 0 0 1**

## B.A./B.Sc. (General) 1st Semester Examination

## 1127

## HINDI

**Paper : (Elective)**

**Time : 3 Hours]**        **[Max. Marks : 90**

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं दो पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(i) यह तनु जारौं मसि करौ, लिखौं राम को नाऊँ।
लेखनि करौं करंग की, लिखि लिखि राम पठाऊँ॥
साधू सीप समुन्द के सतगुर स्वाती बुन्द।
तृषा गई इक बुन्द ते, क्या लै करो समुन्द॥

(ii) भगति ऐसी सुनहु रे भाई।
आई भगति तब गई बड़ाई॥

कहा भयो नाचे अरु गाये, कहा भयो तप कीन्हें।
कहा भयो जे चरन पखारें, जौ लौं तत्त्व न चीन्हें॥
कहा भयो जे मूँड़ मुंडायो, कहा तीर्थव्रत कीन्हें॥

(iii) वणजु करहु वणजारिहो वखरु लेहु समालि॥
तैसी वसतु विसाहीऐ जैसी निबहै नालि॥
अगै साहु सुजाणु है लैसी वसतु समालि॥
भाई रे रामु कहहु चितु लाई॥

(iv) मधुवन तुम कत रहत हरे ?
विरह वियोग स्याम सुंदर के ठाढ़े क्यों न जरे॥
मोहन बेनु बजावत तुम तर, साखा टेकि खरे।
मोहे थावर अरु जड़ जंगम, मुनि जन ध्यान टरे॥

5×2=10

(ख) कबीरदास के विचारों का सार-संक्षेप में लिखिए।

**अथवा**

सूरदास की बाल-लीला को अपने शब्दों में लिखिए। 6

2. (क) निम्नलिखित गद्यांशों में से किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(i) 'तुम चाहे कोई हो, मैं तुम्हें आश्रय देती हूँ। मैं ब्राह्मण कुमारी हूँ, सब अपना धर्म छोड़ दें, तो मैं

भी क्यों छोड़ दूँ ?' मुग़ल ने चन्द्रमा के मंद प्रकाश में वह महिमामय मुखमंडल देखा, उसने मन ही मन नमस्कार किया। ममता पास की टूटी हुई दीवारों में चली गई। भीतर थके पथिक ने झोंपड़ी में विश्राम किया।

(ii) जब मैंने कोई अपराध नहीं किया, राज्य के किसी नियम का प्रतिरोध नहीं किया, तब कोई मुझे क्यों फांसी देने लगा। निःसंदेह राजा ऐसा अन्यायी और अन्धा नहीं हो सकता कि निर्दोष ब्राह्मणों को दुःख देने लगे।

(iii) वर्षा पड़ने की ऊँची आवाज के कारण यह चीख बहुत स्पष्ट नहीं थी, फिर भी उसमें अत्यधिक भयपूर्ण करुणा उत्पन्न करने की पूरी शक्ति विद्यमान थी। यह चिल्लाहट करीब-करीब उसी जगह से आ रही थी, जहाँ वर्षों से बैठा रहकर वह राहगीरों से भीख माँगा करता था।

(iv) कोई अपने सगे-संबंधियों के यहाँ इसलिए जाता है कि उससे व्यापार करे। व्यस्त आदमी हैं, कहीं उलझ गए होंगे। और अब तो भाई के बच्चों का

बोझ भी उन पर आ पड़ा है। आपको चाहिए था।
किसी दिन जाकर उनकी कुशल-क्षेम पूछ आते।

5×2=10

(ख) 'शतरंज के खिलाड़ी' कहानी का उद्देश्य लिखिए।

**अथवा**

'न्यायमंत्री' कहानी के आधार पर शिशुपाल **अथवा** न्यायमंत्री का चरित्र-चित्रण कीजिए। 6

3. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **50** शब्दों में लिखिए :

(i) कबीर के पाखंड विरोधी दोहों का भावार्थ स्पष्ट कीजिए।

(ii) रैदास जी ने देह की नश्वरता के बारे में क्या कहा है ?

(iii) श्रीकृष्ण ने बड़े भाई की शिकायत कैसे की ?

(iv) मीर साहब की बेगम ने दोनों शतरंज के खिलाड़ियों को घर से कैसे भगाया ?

(v) ममता कहानी के आधार पर ममता के चारित्रिक गुण बताइए।

(vi) 'सभ्य-असभ्य' कहानी के उद्देश्य **अथवा** व्यंग्य पर प्रकाश डालिए। 3×3=9

4. आदिकाल की काव्य-प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

आदिकालीन परिस्थितियों पर संक्षेप में प्रकाश डालिए। 7

5. निम्नलिखित दस प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) आदिकाल को और किस नाम से पुकारा जाता है ?

(ii) उपेन्द्रनाथ अश्क की रचना का नाम बताइए।

(iii) ममता के पिता का क्या नाम था ?

(iv) रासो–परंपरा की किन्हीं दो रचनाओं के नाम लिखिए।

(v) 'अशिक्षित का हृदय' कहानी के लेखक का नाम लिखिए।

(vi) 'अशिक्षित का हृदय' कहानी के तीन पात्रों के नाम लिखिए।

(vii) मनोहर सिंह ने अपनी जवानी के दिन कहाँ बिताए थे ?

(viii) 'न्यायमंत्री' कहानी में परदेसी कौन था ?

(ix) शिशुपाल ने सम्राट् अशोक पर कौनसा आरोप लगाया ?

(x) 'नीरा' को 'गुलाब' का नाम किसने और क्यों दिया था ?

(xi) डॉ. सुलेखा ही हर बात क्यों मान लेता था ?

(xii) सन् और संवत् में कितने वर्षों का अंतर है ?

(xiii) पृथ्वीराज रासों के रचयिता का नाम लिखिए।

(xiv) सूरदास ने किस भाषा में रचना की ?

(xv) सूरदास के इष्टदेव का नाम लिखिए। 10

6. कहानी को भिन्न-भिन्न विद्वानों ने किस प्रकार परिभाषित किया है ?

**अथवा**

कहानी के तत्त्वों को संक्षेप में विवेचित कीजिए। 7

7. (क) किन्हीं **पाँच** शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखिए :

अनुग्रह, अनुकूल, अपेक्षा, आस्तिक, मूक, यश, क्षमा। 5

(ख) किन्हीं **पाँच** शब्दों के समानार्थक शब्द लिखिए :

रात, राजा, वायु, पक्षी, आग, सूर्य, जल। 5

(ग) किन्हीं **पाँच** शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए :

द्रश्य, मात्रभूमि, सन्यासी, आर्शीवाद, श्रृंगार, भर्तसना, प्रमात्मा। 5

(घ) किन्हीं **पाँच** वाक्यांशों के लिए **एक** शब्द लिखिए :

(i) सबके मन की बातों को जानने वाला।

(ii) आकाश में विचरण करने वाला।

(iii) विष्णु का उपासक।

(iv) जो जानने की इच्छा रखता हो।

(v) जो कभी मर न सके।

(vi) न्यायशास्त्र को जानने वाला।

(vii) जिसका कोई शत्रु न हो। 5

8. किन्हीं **पाँच** पारिभाषिक शब्दावली के हिन्दी रूप लिखिए :

(i) Attendance

(ii) Clarification

(iii) Department

(iv) Export

(v) Inspector

(vi) Instructor

(vii) Guidance 5